web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

SJU Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शनिवार 30 मार्च 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-178

## सपा-रालोद-बसपा को पीएम मोदी ने बताया 'सराब'

### कहा-ये सेहत के लिए हानिकारक

मेरठ (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को मेरठ में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए लोकसक्षा चुनाव 2019 के लिए बीजेपी के प्रचार अभियान का दमदार आगाज किया। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा), राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) पर जमकर निशाना साधा। मेरठ के सिवाया टोल प्लाजा के पास स्थित मैदान में आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने अपनी चिर-परिचित शैली में बोलते हुए कहा कि सपा का 'स', रालोद का 'रा' और बसपा का 'ब' (सराब) से बचें, क्योंकि ये सेहत के लिए बेहद हानिकारक हैं।

अपने पहले चुनावी भाषण में पीएम मोदी के निशाने पर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती और राष्ट्रीय लोकदल रहे। अपने संबोधन की शुरुआत में मोदी ने कहा, 2019 का चुनाव प्रचार मेरठ से शुरू करने की एक वजह है कि 1857 में स्वतंत्रता आंदोलन में मेरठ से ही आजादी का बिगुल फूंका गया था।




मोदी ने कहा, इस देश ने सिर्फ नारे लगाने वाली बहुत सरकारें देखी हैं लेकिन पहली बार ऐसी निर्णायक सरकार भी देख रहा है, जो अपने संकल्प को सिद्ध करना जानती है। हमारा विजन एक ऐसे नए भारत का है, जो अपने गौरवशाली अतीत के अनुरूप ही वैभवशाली होगा। एक ऐसा नया भारत जिसकी नई पहचान होगी, जहां सुरक्षा, समृद्धि और सम्मान के संस्कार होंगे।उन्होंने कहा, आज एक तरफ नए भारत के संस्कार हैं, तो दूसरी तरफ वंशवाद और भ्रष्टाचार का विस्तार है। एक तरफ दमदार चौकीदार है, तो दूसरी तरफ दागदारों की भरमार है। आज एक तरफ विकास का ठोस आधार है, दूसरी तरफ न नीति है, न विचार है, न ही नीयत है।

सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, जमीन हो, आसमान हो या फिर अंतरिक्ष, सर्जिकल स्ट्राइक का साहस आपके इसी चौकीदार की सरकार ने करके दिखाया है। मोदी ने कहा, आज स्थिति ये है कि कुछ दिन पहले जो चौकीदार को चुनौती देते फिरते थे वो आज रोते फिरते हैं। मोदी ने पाकिस्तान को घर में घुसकर क्यों मारा, आतंकियों के अड्डे नष्ट क्यों किए, इन बातों पर रो रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा, विरोधी दल मुझसे सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के सबूत मांगते हैं। मैं देशवासियों से पूछना चाहता हूं कि हमें सबूत चाहिए या सपूत।

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 3 आतंकी ढेर

### भारी मात्रा में हथियार बरामद



श्रीनगर (आरएनएस)। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केल्लर जंगल के बरवान में आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया सूचना मिली जिसके बाद राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर), जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष अभियान समूह (एसओजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने गुरुवार तड़के संयुक्त रुप से घेराबंदी एवं तलाश अभियान चलाया। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। वहीं, हंदवाड़ा में भी सेना ने दो आतंकियों को घेर रखा है। इलाके में तलाशी अभियान अभी जारी है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ईरान में बाढ़ से 30 मरे, सैकड़ों घायल

तेहरान (आरएनएस)। ईरान के विभिन्न हिस्सों में अचानक बाढ़ आने से पिछले कुछ दिनों में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है। ईरानियन लीगल मेडिसिन ऑर्गनाइजेशन (आईएलएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईएलएमओ की वेबसाइट में इसके उप प्रमुख मेहर्दद अली बख्शी ने कहा कि मृतकों में दक्षिणी शिराज नगर के 19, उत्तर-पूर्वी कैस्पियन सागर गोलेस्तान प्रांत के पांच, पश्चिमी लॉरेस्तान प्रांत के दो और खुजेस्तान, कोहगिलुए और बोयेर-अहमद, केरमनशाह और सेमनान का एक-एक व्यक्ति है।

### अमेरिका ने बी-1 लड़ाकू विमानों के परिचालन पर लगायी रोक

वाशिंगटन (आरएनएस)। पैराशूट प्रणाली की चिंताओं के बीच अमेरिका के वायु सेना ने कहा है कि उसने 'बी-1बी लांसर स्ट्रेटेजिक स्टील्थ' लड़ाकू विमानों के परिचालन पर रोक लगा दी है।

### सिडनी हवाई अड्डा में लगी आग, विमानों के उतरने और उड़ान भरने पर रोक

सिडनी (आरएनएस)। सिडनी हवाई अड्डा में आग लगने के कारण शुक्रवार को सभी विमानों को हवाई अड्डा से बाहर निकाल लिया गया। 'द एयरसर्विसेज ऑस्ट्रेलिया ने ट्विटर पर लिखा, हवाई अड्डे में धुआं दिखाई देने के बाद सिडनी एयर ट्रैफिक कंट्रोल टॉवर को खाली कर दिया गया है। इस समय इस हवाई अड्डे पर किसी भी उतरने या उड़ाने भरने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गयी है।

### दोबारा पीएम बने मोदी तो असम से हर घुसपैठिए को बाहर करेंगे

**असम में शाह का ऐलान**

कलियाबोर (आरएनएस)। बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने कहा है कि अगर केंद्र में पीएम मोदी की सरकार बनती है तो फिर असम से घुसपैठियों का सफाया हो जाएगा. उन्होंने ये बातें असम के कलियाबोर में कही. उन्होंने ये भी कहा कि असम में बीजेपी और उनके घटक दल को 14 सीटों पर जीत मिल रही है.

### मिशन शक्ति की घोषणा आचार संहिता का उल्लंघन नहीं: चुनाव आयोग

**पीएम मोदी को क्लीन चिट**

नई दिल्ली (आरएनएस)। चुनाव आयोग ने पीएम मोदी के मिशन शक्ति की घोषणा के संबोधन को आचार संहिता का उल्लंघन नहीं माना है. आयोग ने कहा है कि मोदी के संबोधन में किसी भी तरह से उनकी पार्टी का प्रचार नहीं किया है. आयोग ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में वोट की अपील नहीं की थी.

### अफगानिस्तान तालिबान के हमले में दो दिन में 17 पुलिसकर्मियों की हत्या

एजेंसी। अफगानिस्तान के अधिकारियों ने कहा है कि देशभर में तालिबान के ताजा हमलों में अब तक 17 पुलिसकर्मी जान गंवा चुके हैं.उत्तरी बदख्शां प्रांत के प्रवक्ता निक मोहम्मद नाजरी ने बताया कि अरगंज खोवा जिले में शुक्रवार को तालिबान के हमले में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई. यहां लड़ाई अब भी जारी है.प्रांतीय पुलिस प्रमुख गुलाम दाउद तराखिल ने कहा कि तालिबान ने बृहस्पतिवार को पूर्वी गजनी प्रांत में दो चौकियों को निशाना बनाकर हमला किया जिसमें नौ पुलिसकर्मियों की मौत हो गई.

### महिला कार्यकर्ताएं कोर्ट में रो पड़ी, बोलीं-पूछताछ में हुआ यौन उत्पीड़न

सऊदी अरब में करीब एक साल पहले हिरासत में ली गई महिला कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सुनवाई के दौरान आरोप लगाया कि पूछताछ के दौरान उन्हें यातनाएं दी गईं और यौन उत्पीड़न किया गया। मामले की अगली सुनवाई तीन अप्रैल को होगी।11 महिलाओं पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया और मानवाधिकार समूहों से संपर्क रखने के मामले में आरोप तय करने के लिए रियाद की एक अपराध अदालत में बुधवार को दूसरी बार सुनवाई हुई।

## जयाप्रदा पर एसपी नेता की आपत्तिजनक टिप्पणी

### महिला आयोग ने भेजा नोटिस



रामपुर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव 2019 के नजदीक आने के साथ ही नेताओं की जुबानी जंग तेज हो गई है. ताजा मामला संभल से सामने आया है. सपा महासचिव व पूर्व मंत्री आजम खान के करीबी और समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फिरोज खान ने रामपुर से बीजेपी उम्मीदवार जया प्रदा को लेकर विवादित बयान दिया है. उन्होंने कहा कि रामपुर के लोग बहुत अच्छे हैं. यहां के लोग सपा को ही वोट देंगे लेकिन वे अब मजे लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे. इस मामले में अब फिरोज खान को महिला आयोग ने नोटिस जारी कर दिया है.

ज्ञात हो कि सपा-बसपा गठबंधन ने आजम खान को रामपुर से अपना प्रत्याशी बनाया है. फिरोज खान उनके करीबी माने जाते हैं. जया प्रदा और आजम खान की दुश्मनी जगजाहिर है. उनके बीच कई बार जुबानी तीर चल चुके हैं.

## उर्मिला मातोंडकर को उत्तर मुंबई से मिला टिकट

### बीजेपी के गोपाल शेट्टी से होगा मुकाबला

मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर मुंबई उत्तर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगी. उर्मिला दो दिन पहले (27 मार्च) ही कांग्रेस में शामिल हुई हैं. उसके बाद से उन्हें मुंबई उत्तर सीट से टिकट दिए जाने की चर्चा थी.



इस सीट से कांग्रेस में पहले से ही शामिल बिग-बॉस फेम शिल्पा शिंदे और असावरी जोशी भी चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक बताए जा रहे थे. बीजेपी ने अपने इस मजबूत गढ़ में मौजूदा सांसद गोपाल शेट्टी को ही एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है.

अगर बात करें सियासी समीकरण की, तो मुंबई उत्तर सीट पर कांग्रेस को जीत दिलाना उर्मिला के लिए इतना आसान नहीं होगा.

## मुंबई के युवक को गूगल में 1.2 करोड़ की जॉब

मुंबई (आरएनएस)। लाखों छात्रों का सपना होता है कि वह पढ़ लिखकर किसी बड़ी कंपनियों में नौकरी करें। वह कुछ बनने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। वह अपनी पढ़ाई करके बड़ी-बड़ी कंपनियों में नौकरी के सपने देखते हैं। वह चाहते हैं कि उन्हें बड़ी वैश्विक कंपनियों में काम करने का मौका मिले। लेकिन कई बार शौक के लिए किया काम भी भाग्य बना देता है। हम आपको ऐसे शख्स के बारे में बताना चाहते हैं जोकि आईआईटी का छात्र नहीं है फिर भी गूगल ने उसे 1 करोड़ रुपए से ज्यादा का पैकेज ऑफर किया है। मुबंई में रहने वाले 21 साल के अब्दुल्ला खान जिन्हें गूगल से नौकरी की ऑफर मिला है। बता दें, वह सितंबर में 1.2 करोड़ रुपये के सालाना पैकेज पर गूगल के लंदन के ऑफिस में शामिल होंगे।



खान एलआर तिवारी इंजीनियरिंग कॉलेज, मीरा रोड, मुंबई में बीई (कंप्यूटर साइंस) के फाइनल इयर में हैं। कमाल की बात ये हैं उन्होंने गूगल की नौकरियों के लिए आवेदन नहीं किया था। पिछले साल गूगल के एक अधिकारी ने खान को ईमेल किया था जिसमें उन्होंने जिक्र किया था कि उन्होंने खान की प्रोफाइल प्रोग्रामिंग साइट पर देखी थी और उनको पूरे यूरोप में अलग-अलग जगहों पर भर्तियां करनी है। वहीं खान ने बताया कि उनको इतना जबरदस्त पैकेज मिलने की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने बताया, मैं फन के तौर पर इस तरह की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेता था। मुझे तो यह भी पता नहीं था कि कंपनियां इस तरह की वेबसाइटों पर प्रोग्रामरों की प्रोफाइल चेक भी करती हैं। मैंने अपना ईमेल अपने दोस्त को दिखाया। उसने बताया कि कुछ समय पहले उनके एक जानने वाले को भी ऐसा ही मेल आया था।

## 22 मंजिला इमारत में भीषण आग में 4 की मौत

### हेलिकॉप्टर से बुझाने की कोशिश

ढाका (आरएनएस)। बांग्लादेश की राजधानी ढाका के बनानी इलाके में गुरुवार को एक 22 मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और इसमें कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। आग पर काबू पाने के लिए दो हेलिकॉप्टरों और दमकल की गाड़ियों की मदद ली जा रही है। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, ढाका अग्निशमन केंद्रीय नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी अताउर्रहमान ने बताया कि दोपहर करीब 12. 52 बजे एफआर टॉवर में आग लगी।



अधिकारियों ने चार लोगों की मौत की पुष्टि की हैं और उन्होंने कहा कि वे बचने के लिए इमारत से कूद पड़े और चोट लगने के कारण उनकी मौत हो गई। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया, तीन और पुरुषों को यूनाइटेड अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया है। दमकल की 21 गाड़ियों के अलावा बांग्लादेश एयर फोर्स के हेलिकॉप्टरों और नेवी कमांडो को आग बुझाने और राहत कार्य में लगाया गया है। आग लगने के बाद कई लोग इमारत से कूद पड़े जिसमें से चार लोगों की मौत हो गई।

## शत्रुघ्न सिन्हा की राहुल गांधी से अहम मुलाकात

नई दिल्ली (आरएनएस)। भाजपा के बागी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा का कांग्रेस में शामिल होना फिलहाल टल गया है। वह गुरुवार को कांग्रेस में शामिल होने वाले थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। खबर आ रही है कि वह 6 अप्रैल को कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। वहीं, तमाम कयासों के बीच आज सिन्हा ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से भी मुलाकात की।



इस मुलाकात के बाद उन्होंने कहा, हमारी मुलाकात बेहद सार्थक रही, उन्होंने मेरी हौसला-अफ्जाई की। जिस तरह पार्टी ने मुझे सालों प्रताड़ित किया, जुल्मोंसितम का मैं शिकार रहा, जिस तरह मैंने इसका सामना किया, ये उन्हें सराहनीय और प्रशंसनीय लगा। इसलिए उनका आभार प्रकट करता हूं। वो देश के चहेते नेता हैं। नेहरू-गांधी परिवार का बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं। उन्हें नेशन बिल्डर मानता हूं। मैंने सरकार की खराब नीतियों की आलोचना की इसलिए मुझे प्रताड़ित किया गया। सिन्हा ने कहा कि जल्द ही कांग्रेस में शामिल होने जा रहा हूं, नवरात्र के बाद अच्छी खबर मिलेगी। इस मुलाकात से पहले सिन्हा ने चुनाव लडने के बारे में बताया कि वह कई बार कह चुके हैं कि सिचुएशन कोई भी हो, लोकेशन वही होगी।

## हाई कोर्ट का चुनाव आयोग को निर्देश, सोशल मीडिया पर अंकुश लगाने के लिए नियम बनाये जाए




नई दिल्ली। बॉम्बे हाई कोर्ट का चुनाव आयोग को निर्देश, सोशल मीडिया पर अंकुश लगाने के लिए नियम बनाये जाए, वोटिंग से पहले 48 घंटे सोशल मीडिया पर अंकुश लगाया जाए, एक हफ्ते के भीतर नियम बनाने को कहा गया।

## शताब्दी एक्सप्रेस में 'मैं भी चौकीदार' वाले कप में चाय पर विवाद




नई दिल्ली। दिल्ली से काठगोदाम जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस में 'मैं भी चौकीदार' लिखे कप में चाय देने के मामले में मुख्य सुपरवाइजर पर कार्यवाही, किया गया सस्पेंड।

## दो अप्रैल को कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र जारी करेंगे राहुल गांधी

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी 2 अप्रैल को पार्टी मुख्यालय में चुनाव घोषणा पत्र जारी करेंगे। घोषणा पत्र में न्यूनतम आय योजना के तहत गरीबों को 72,000 रुपये सालाना देने के वादे के साथ-साथ कुछ अन्य अहम वादों को जगह मिल सकती हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने पहले ही ऐलान कर दिया है कि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो गरीबी हटाने के लिए न्यूनतम आय योजना शुरू की जाएगी। इसके तहत प्रति देश के 5 करोड़ गरीब परिवारों को प्रति माह 6,000 तक रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा पार्टी ने स्वास्थ्य और शिक्षा के बजट बढ़ाने का वादा किया है। कांग्रेस अपने घोषणापत्र में 2008 की यूपीए सरकार की तरह किसानों की कर्ज माफी की घोषणा कर सकती है। पार्टी के अन्य वादों में सबके लिए हेल्थकेयर, सभी बेघर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को जमीन का अधिकार, प्रमोशन में आरक्षण के लिए संविधान में संशोधन करना और महिला आरक्षण विधेयक को पारित करना शामिल हैं। घोषणापत्र में कृषि क्षेत्र में श्बड़ी संभावना का फायदा उठाने के लिए कोल्ड स्टोरेज प्लांट, फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कृषि आधारित इंडस्ट्रीज लगाना भी शामिल है।

## अदालत ने डीसीपी के पेश नहीं होने पर पुलिस को लगाई फटकार

### जेएनयू राजद्रोह मामला

नई दिल्ली (आरएनएस)। जेएनयू देशद्रोह मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की फटकार लगाई. केस की सुनवाई के दौरान आईओ के कोर्ट में देरी से पहुंचने पर जज दीपक सहरावत ने नाराजगी जताई. इसके अलावा पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने डीसीपी स्पेशल सेल को भी आज के दिन कोर्ट ने पेश होने का आदेश दिया था लेकिन डीसीपी भी कोर्ट में पेश नहीं हुए. जिससे नाराज कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को फटकारा.




बता दें कि जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार सहित 10 छात्रों के खिलाफ कथित देशद्रोह के मामले में अदालत दिल्ली पुलिस को पहले भी फटकार लगा चुकी है. कोर्ट ने पुलिस से दिल्ली सरकार से मंजूरी लिए बिना चार्जशीट दायर करने पर सवाल खड़े किए थे. इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा, आपके पास लीगल डिपार्टमेंट की मंजूरी नहीं है. आपने सरकार की अनुमति के बिना चार्जशीट कैसे दाखिल कर दी. इस पर दिल्ली पुलिस ने बताया था कि 10 दिन के अंदर दिल्ली सरकार से चार्जशीट के लिए जरूरी मंजूरी मिल जाएगी.

## ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा से हिरासत में पूछताछ की अनुमति मांगी



नई दिल्ली (आरएनएस)। धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को रॉबर्ट वाड्रा से हिरासत में पूछताछ की मांग की। जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार के समक्ष वाड्रा की हिरासत में पूछताछ की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के बहनोई वाड्रा पर लंदन स्थित 12, ब्रायंस्टन स्क्वायर में 19 लाख पाउंड में संपत्ति की खरीद में धन शोधन का आरोप है।

## रूस में भूकंप के जोरदार झटके

मॉस्को (आरएनएस)। रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पूर्वी तट शुक्रवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गयी।

## सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत

ढाका (आरएनएस)। बंगलादेश के चट्टोग्राम जिले में गुरुवार को बस और मिनी बस के बीच आमने सामने हुई जोरदार टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई तथा अन्य 25 लोग घायल हो गये। पुलिस अधिकारी ने बताया, यात्री बस और मिनी बस के बीच आमने सामने हुई टक्कर में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में मिनी बस में सवार यात्रियों की मौत हुई है। स्थानीय मीडिया को मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

